EDI

Rajasthan Patrika

May 07, 2016
Page No. 4

'सामाजिक उद्यमिता को भी मिले महत्व'



ईडीआई का 17वां दीक्षांत समारोह

अहमदाबाद @ पत्रिका

patrika.com/city

भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान के 17वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ओ.पी.कोहली ने कहा कि देश में स्टार्टअप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया अभियान और नीति के चलते उद्यम की राह अपनाने वाले युवाओं के लिए बेहतर माहौल बना है। जरूरत है व्यावसायिक उद्यमिता की तरह ही सामाजिक उद्यमिता को बराबरी का महत्व देने की। उन्होने तकनीकी स्टार्टअप को देश का आर्थिक भविष्य बताया।

ईडीआई के प्रमुख व आईडीबीआई बैंक के एमडी व सीईओ किशोर खरात ने कहा कि संस्थान में बहुत जल्द टेक्नोलॉजी बिजनेस इन्क्यूबेटर शुरू करने की घोषणा की। इसके लिए भारत सरकार के विज्ञान एवं तकनीकी मंत्रालय से सहयोग मिल रहा है।

संस्थान के निदेशक डॉ.सुनील शुक्ला ने कहा कि संस्थान मौजूदा मार्केट की जरूरत के हिसाब से विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करता है। समारोह में 85 विद्यार्थियों को पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम इन बिजनेस एन्टरप्रिन्योरशिप, 19 विद्यार्थियों को पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम इन डेवलपमेंट स्टडीज प्रदान किया गया।